# प्रेस विज्ञप्ति

# हिन्दुस्तान कॉलेज में नवागंतुक छात्रों का ऑरिएन्टेशन–2017 कार्यक्रम

शारदा ग्रुप ऑफ एजूकेशनल इंस्टीट्यूशन्स के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी, में प्रथम वर्ष के नवागंतुक छात्रों एवम् उनके अभिवावकों के स्वागत में एक समारोह का आयोजन किया गया । डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा प्रदत्त शैक्षणिक कलेण्डर के अनुसार संस्थान द्वारा एक दिवसीय ऑरिएन्टेशन प्रोग्राम सम्पन्न हुआ। संस्थान के गणमान्य अधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के उपरांत सांस्कृतिक विभाग के श्री डिम्पी मिश्रा के निर्देशन के तहत संस्थान के छात्र–छात्राओं द्वारा शारदा माँ के स्वस्वर वंदन के साथ हुआ।

शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वाइस चेयरमैन एवं शारदा विश्वविद्यालय के उपकुलाधिपति श्री वाई. के. गुप्ता ने बताया कि उत्तर भारत का यह प्रथम निजी संस्थान है जिसके पूर्व छात्र सारी दूनियाँ में इस संस्थान का परचम लहरा रहे हैं और समय–समय पर अपने कनिष्ठों का उचित मार्गदर्शन करते रहते हैं और यह केवल और केवल इसी संस्थान में सम्भव हो पाता है। उन्होंने नवागत छात्रों का आवाहन करते हुये कहा आप लोग आज से ही अपनी आकाक्षाओं का स्वप्न देखना शुरू कर दो जिसका तानाबाना इस संस्थान के शिक्षक बुनकर तैयार कर देंगे और एक दिन यह सपना इस संस्थान में रहते हुये पूरा हो जायेगा। उन्होंने आगे कहा कि शारदा विश्वविद्यालय के अंतर्गत चल रहे मैडीकल कॉलेज में 900 बैड का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थापित है जिसमें शारदा ग्रुप के जुड़े सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं का न्यूनतम दर पर उत्कृष्ट इलाज की व्यवस्था है।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यूपीएसईई परीक्षा पास कर इस संस्थान को अपनी प्राथमिकता देने के लिए सभी नवागंतुक छात्र एवं उनके अभिभावक बधाई के पात्र हैं। संस्थान की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद आदि से सम्बन्धित संस्थान के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुये मूलभूत सुविधाओं जैसे छात्रावास, एनसीसी, चिकित्सा, परिवाहन, प्रयोगशालायें, पुस्तकालय, वार्षिक समारोह– ज्ञान ज्योति, काउसिलिंग सिस्टम, मेधावी छात्रों के लिए छात्रवृत्ति, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट, ट्रेनिंग एण्ड डवलपमेंट, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं विशेषताओं पर संक्षिप्त प्रकाश डाला साथ ही नवागंतुक छात्र–छात्राओं को बचपन में आनंद, जिज्ञासा एवं जिद से भरपूर रहकर जिस तरह से कार्य किये उसी प्रकार इन आदतों को अनुवरत जारी रखने का पाठ पढ़ाया तथा कहा कि निरंतर सीखने का अभ्यास करते रहना है तथा सुनने, सीखने, बोलने की कोशिश और तब परिणाम स्वरूप फरटि से अंग्रेजी बोलना तथा जीवन में सफल होने की ललक को बनाये रखना आपका मुख्य उद्देश्य रहना चाहिए।

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी. के. शर्मा ने समस्त छात्रों एवं उनके अभिभावकों का शिक्षकों और इस संस्थान में विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि सफलता के लिए अच्छी शिक्षा, औद्योगुन्मुखी शिक्षा, शालीनता, व्यवहार कुशलता एवं अच्छा दृष्टिकोण बहुत जरूरी है और इस सबके लिए हम सदैव प्रयत्नशील रहेंगे ये हमारा वादा है, परन्तु अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दास्त नहीं की जायेगी। अतः उन्होंने समस्त नवागुन्तक छात्र–छात्राओं का आवाहन किया कि वे आज से ही समय के सदुपयोग पर चिन्तन करना प्रारम्भ कर दें साथ ही उत्तर प्रदेश बोर्ड से आये छात्रों को उनकी इंटरमीडिएट की प्रतिशत कायम रखने के लिए प्रेरित किया। स्वस्थ तन, स्वस्थ मन एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व के साथ अध्ययनरत रहने के लिए भी प्रेरित किया। नवागंन्तुक छात्र–छात्राओं के अभिभावकों से रुबरू होते हुये उन्होंने कहा कि हम आपके विश्वास पर खरे

उतरेंगे यह तभी सम्भव है जब छात्र–छात्रायें हमारे नियमों के पालन में स्वअनुशासित रहेंगे और स्वविवेक द्वारा नित शिक्षण कार्य का निस्तारण करते रहेंगे।

एम.डी.आई गुड़गाँव के निदेशक प्रोफेसर सी. पी. श्रीमाली ने नवागंतुक छात्रों को संस्थान एवं तकनीकी शिक्षा का महत्व बताते हुये कहा कि यह संस्थान तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन करता रहा है आप भाग्यशाली है कि आपका नामांकन इस संस्थान में हुआ है। उन्होंने बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए समय प्रबंधन, कार्यकुशलता, व्यक्तित्व विकास एवं सामाजिक विकास आदि गुणों को विकसित करने के गुण सिखाये।

संस्थान के डीन अकेडिमिक प्रो. पी. एस. जोसन ने पूरे कोर्स के क्रेडिटस, उपस्थिती, क्लास टैस्ट एवं शैक्षणिक मूल्यांकन के बारे में बताया। छात्रों को विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम एवम् अन्य नियमों से अवगत कराया तथा क्लास में उचित उपस्थिति रखने व सभी सेमेस्टरों में आन्तरिक व वाह्यय परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया। कॉलेज में अभिभावकों को अपने बच्चों की उपस्थिति एवं क्लास टेस्ट के प्राप्तांको की जानकारी हेतु पेरेन्टस टीचर मीट्स के बारे में भी बताया गया ।

संस्थान के डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी अभिभावकों से आग्रह किया वह प्रतिदिन अपने बच्चे की कॉलेज में हुई क्रियाकलापों की जानकारी लेते रहें जिसके लिए कॉलेज में प्रत्येक 30 छात्रों पर एक काउंसलर की व्यवस्था की गई है तथा अपने वार्ड के काउंसलर का फोन नम्बर साथ लेकर जायें तथा निरंतर सम्पर्क बनाये रखें। उन्होंने समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों एवं डीन आर एण्ड डी डॉ. एम. एस. गौर, परीक्षा नियंत्रण डॉ. आर. के. तिवारी, शारिरिक शिक्षा एवं खेलकूद निदेशक डॉ. राजेश कहरवार, श्री अमित सक्सैना, श्री नागेन्द्र प्रसाद, संस्थान के लेखाकार श्री ए. के. श्रीवास्तव, शैक्षणिक कुलसचिव श्री ए. एस. कपूर, लाइब्रेरी प्रमुख डॉ. जे. के. दुबे, कॉलेज के परिवहन प्रभारी श्री श्यामबाबू दुवे आदि को मंच पर बुलाकर परिचय कराया।

प्रथम वर्ष समन्वयक श्री कपिल गुप्ता ने बताया कि अनुशासन इस संस्थान की पहचान है, सभी अभिवावक वेबसिम पर जाकर अपने बच्चे का पूरा रिकार्ड चेक कर सकते हैं। मोबाइल संदेश से बच्चे का उपस्थिती रिकार्ड देख सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन इलैक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन विभाग की शिक्षिकायें श्रीमती रोहनी मित्तल और श्रीमती रूपाली महाजन ने किया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संस्थान के सहायक डीन स्टूडेंट वैलफेयर श्री संदीप अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. हरेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. एम.एस. गौड़, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. सुरुचि, श्री मुकुन्द लाल, श्री विजय कट्टा, आदि का सहयोग सराहनीय रहा ।

कार्यक्रम के दौरान शारदा ग्रुप के सलाहकार डीन आर एण्ड डी डॉ. डी. जी. रॉय चौधरी, एच.आई.एम.सी.एस. के निदेशक डॉ. नवीन गुप्ता, शारदा ग्रुप के एच. आर. निदेशक श्री के. जी. एस. चौहान, प्रो. संजय जैन, प्रो. वी. के. गुप्ता, डॉ. सी. एन. त्रिपाठी, श्री वाई.सी.धोटे, श्री पुनीत मंगला, श्री प्रमोद कुमार, श्रीमती रिचा कपूर, श्री अनुराग वाजपेयी, श्री मुनीष खन्ना, श्री शंकर थाकर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आर. के. तिवारी, खेलकूद निदेशक डॉ. राजेश कहरवार, सहित सभी हॉस्टल वार्डन, सभी शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पी. के. शर्मा**
**मीडिया प्रभारी**